# विधानसभा में सरकार को घेरने में अपने ही आगे, विपक्ष रह गया पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

विधानसभा में लग रहे सवालों में यह देखने में आया है कि अपनी ही सरकार के मामलों को भाजपा के वरिष्ठ विधायक दमदारी से उठा रहे हैं। यहां तक कि उनके सवालों से मंत्री भी घिरते नजर आ रहे हैं। यहां पर विपक्ष से ज्यादा धार अपनों के सवालों में नजर आती है। मंत्री भी उनके सवालों को पूरी तवज्जो दे रहे हैं और विभागीय प्रक्रियाओं के तहत मामले की समीक्षा और परीक्षण करने के लिए मजबूर हैं। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीन दिन की कार्रवाई देखी जाए तो भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के सवालों पर ही पूरे सदन में चर्चा रही।

विधानसभा चुनाव में भाजपा के कई वरिष्ठ विधायक चुनाव जीतकर आए हैं। इन विधायकों ने पूर्व की सरकार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। नई सरकार बनने के बाद उन्हें उम्मीद थी, उन्हें कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलेगी, पर ऐसा नहीं हुआ। ऐसे में उन्होंने सरकार के कामकाज पर बारीकी से नजर रखनी शुरू की। प्रदेशभर में हो रहे निर्माण कार्य और उनमें गड़बड़ी के मामलों को विधानसभा में उठाकर प्रशासनिक खामियों को सामने लाने का काम कर रहे हैं। मंत्री उनके सवालों पर जवाब नहीं दे पा रहे हैं। तथ्यों सहित उठ रहे मामलों में मंत्रियों को सीधे तौर पर जांच के आदेश देने मजबूर होना पड़ रहा है। चालू सत्र में तीन दिन की कार्रवाई देखें तो पता चलता है कि भाजपा विधायकों के सवालों पर ही सदन में घोषणाएं करनी पड़ीं। विपक्ष यहां उनके सामने फीका नजर आ रहा है।

## विधानसभा में भाजपा विधायक पड़ रहे मंत्रियों पर भारी

### स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट मामला



स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के मामले में राजेश मूणत और नए विधायक सुनील सोनी ने जमकर तेवर दिखाए। उन्होंने मंत्री को अपने सवालों से ऐसा घेरा कि उन्हें इसे स्वीकार करते हुए पूरे मामले का परीक्षण और मौके पर जांच कराने की बात कहनी पड़ी। राजधानी में हमर अस्पतालों के भवन बनाने के बजाय सामुदायिक भवन में संचालित करने का मामला भी सामने आया। यह मामला भी भाजपा के श्री मूणत ने ही उठाया। मामले में स्वास्थ्य मंत्री को जांच का आदेश देना पड़ा।





### धर्मजीत भी नहीं रहे पीछे

भाजपा के वरिष्ठ विधायक धर्मजीत सिंह अपने चुटीले अंदाज के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अस्पतालों में फायर आडिट न कराने को लेकर स्वास्थ्य मंत्री को ऐसा घेरा कि वे जवाब नहीं दे पाए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को उनके बचाव में सामने आना पड़ा। आडिट कब कितने अस्पतालों में हुआ और उनकी संख्या क्या है, अफसर इसे नहीं बता पाए।

### सड़क निर्माण में गड़बड़ी



इस सत्र में पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने भी कड़े तेवर दिखाए। गुरुवार को सदन में दंतेवाड़ा में सड़क निर्माण में गड़बड़ी का लेकर गृहमंत्री को अजय चंद्राकर ने घेरा, उन्होंने भुगतान को लेकर सवाल उठाया। हालांकि पूरा मामला पूर्ववर्ती सरकार के समय का है, लेकिन इसमें जांच इस सरकार के समय हुई। तब पाया गया कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का कोई ध्यान नहीं रखा गया। ठेकेदार भी पूरे मामले में दोषी पाया गया। अफसरों को निलंबित करते हुए पूरे मामले की जांच की घोषणा करनी पड़ी।

### नए विधायकों ने भी दिखाए तेवर

राजधानी में शासकीय जमीन पर अवैध कब्जों को लेकर सवाल उठे। राजस्व मंत्री ने उनके सामने सरेंडर होते हुए साफ कर दिया कि वे अकेले यह हटाने में सक्षम नहीं हैं। मंत्री को भाजपा के वरिष्ठ विधायकों ने घेरा और मजबूर किया कि पंजीयन के नियमों में परिवर्तन करने के बाद ही पूरा मामला हल होगा। सदन में इसकी घोषणा करनी पड़ी। विधानसभा में नए विधायकों में सुशांत शुक्ला और अनुज शर्मा ने भी तेवर दिखाए।

### जल जीवन मिशन पर कौशिक ने घेरा



विधानसभा सत्र के दूसरे दिन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने जल जीवन मिशन में चल रही अनियमितताओं को सामने लाया। उनके सवालों का विभागीय मंत्री कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। तथ्यों को लेकर उन्हें जांच के लिए सहमत होना पड़ा। उन्होंने बिलासपुर और प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से काम पाने वाले ठेकेदारों का मामला उठाया। इसके पूर्व पहले दिन पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने जल जीवन मिशन की कार्यप्रणाली पर ही प्रश्नचिन्ह लगा दिया। बिना जल स्रोत के टंकी और पाइप लाइन बिछाने के मामले में मंत्री को कड़ा एक्शन लेने मजबूर किया।

## खबर संक्षेप



### गिरौदपुरी के जैतखाम की प्रतिकृति वाली झांकी के साथ निकाली शोभायात्रा

**रायपुर।** सतनामी समाज द्वारा खमतराई के सतनाम भवन में दो दिवसीय गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया। गुरुवार को सुबह 8 बजे से मंगल भजन और पंथी नृत्य के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। दोपहर 2 बजे सतनाम भवन में स्थित जोड़ा जैतखाम व गुरु गद्दी की पूजा-अर्चना कर मंगल आरती की गई। इस मौके पर जय सतनाम के जयकारे के साथ सात श्वेत ध्वज वाहक संतों की अगवाई में शोभायात्रा उत्साह के साथ निकाली गई। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत आमंत्रित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्यनाम सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजमहंत सुन्दर लाल लहरे ने की। जयंती कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समाज के अध्यक्ष सुरेश लहरे, सचिव गोविंद सोनवानी, अगरलाल लहरे, मिनीमाता महिला समिति की प्रमुख गिरिजा टण्ड, लता सोनवानी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### व्यावसायिक शिक्षा परियोजना की 121 सीटों के आवंटन में अनियमितता का आरोप

**रायपुर।** केंद्र सरकार की नवीन व्यावसायिक शिक्षा परियोजना के तहत एक कंपनी को 121 सीटों के आवटन में अनियमितता का आरोप लगा है। सेजबहार रायपुर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष अग्रवाल ने समग्र शिक्षा विभाग के प्रबंध संचालक को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि 121 सीटों का आवंटन बिना सूचना निविदा निकाले तथा अन्य चयन की प्रक्रियाओं का पालन किए बिना आवंटित कर दिया गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि कंपनी का पूर्व में भी कार्य संतोषजनक नहीं रहा है, फिर भी शाखा प्रमुख ने प्रत्येक सीट पर 15 हजार रुपए लेकर चयन प्रक्रिया में सिर्फ कंपनी को ही ढील देकर सभी सीटों को आवंटित कर दिया है।

### धन्नू बने प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू, संदीप साहू और पवन साहू ने धन्नू साहू को प्रदेश उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ के पद से प्रमोट करते हुए प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है, जिससे युवाओं में उत्साह का माहौल है। धन्नू साहू ने सभी का आभार प्रकट किया है।

### राजमाता अहिल्याबाई होलकर पर लिखित कॉमिक्स का विमोचन



**रायपुर।** पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जन्म जयंती समारोह समिति, छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में शहर के पंडरी स्थित जागृति मंडल में पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर आधारित प्रेरक प्रसंग पर कॉमिक्स पुस्तक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक डॉ. टोपलाल वर्मा ने माता अहिल्याबाई होलकर के समग्र विकास के लिए किए गए कार्य के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होलकर महादेव की भक्त थीं और सिंहासन पर शिवलिंग रखकर शासन किया तथा हिंदुओं के धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार किया। इसके बाद कॉमिक्स के लेखक और संपादक कार्टूनिस्ट त्रयंबक शर्मा ने पुस्तक के विषय में बताया। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि महान राजमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन को कम पृष्ठों में तैयार करना अपने आप में एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहा, परंतु उचित शोध और मार्गदर्शक मंडल के सहयोग से संपन्न हो पाया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक अभय राम, सदस्य मनीष कश्यप, हेमंत सैनी, शुभम अग्रवाल आदि शामिल हुए।

## कमेटी करेगी पार्षद प्रत्याशी के लिए मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नगरीय निकाय चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी की समिति गठित

आने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसके लिए समिति आम आदमी पार्टी द्वारा गठित की गई है। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव की जल्द ही तारीख तय होने वाली है, इसी के मद्देनजर प्रदेश में आम आदमी पार्टी ने मशक्कत शुरू कर दी है। गुरुवार को आम आदमी पार्टी द्वारा 25 सदस्यों की एक प्रदेश स्तरीय चुनाव समिति का गठन किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू, प्रदेश संगठन महासचिव जसबीर सिंह, प्रदेश महासचिव वदूद आलम और सूरज उपाध्याय की अनुशंसा पर गठित समिति प्रदेश के सभी वार्डों के आरक्षण को ध्यान देते हुए समिति जल्द ही सभी संभावित दावेदारों की सूची प्रदेश कार्यालय को सौपेंगी।

### कमेटी में इनके नाम

राजधानी के सभी 70 वार्ड में आम आदमी पार्टी अपने प्रत्याशी उतारेगी अथवा कुछ वार्ड में ही फोकस करते हुए प्रत्याशी उतारे जाएंगे, इसे लेकर अंतिम फैसला नहीं हो सका है। प्रत्याशियों की स्थिति तथा जीत की संभावना देखते हुए मंथन के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। गठित की गई कमेटी में राजेंद्र बहादुर, दुर्गा झा, देवलाल नरेटी, बल्लू राम भवानी, मिथलेश बघेल, अरुण नायर, आदित्य मिश्रा, तेजेंद्र तोडेकर, संजीत विश्वकर्मा, एमएम हैदरी सहित 25 नाम हैं। प्रदेशाध्यक्ष गोपाल साहू का कहना है कि आगामी नगरीय निकाय चुनावों मे पार्टी पूरी दमदारी से प्रदेश में चुनाव लड़ेगी और शानदार सफलता हासिल करेगी।

## भाजपा नेताओं ने कहा- कांग्रेस अपराध की चिंता करने का दिखावा करती है

# कांग्रेस नेताओं के बयान से साफ, बलौदा बाजार कांड में उनकी पार्टी की भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





- बलौदाबाजार अग्निकांड में कांग्रेस की भूमिका की आत्म स्वीकृति

आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कंडेय ने कहा, कांग्रेस की विधायक उत्तरी जांगड़े द्वारा अन्य विधायक उमेश पटेल, राम कुमार यादव, चतुरी नंद, कविता प्राण लहरे की उपस्थिति में बलौदा बाजार की आगजनी की घटना को कांग्रेस का शौर्य उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने कार्यकर्ताओं से ऐसा ही प्रदर्शन करने के लिए कहना छत्तीसगढ़ में बढ़ रहे अपराध के पीछे विशेषकर बलौदाबाजार अग्निकांड में कांग्रेस की भूमिका की आत्म स्वीकृति है।

गुरु खुशवंत ने कहा, यह स्पष्ट करता है कि कांग्रेस अपराध की चिंता करने का दिखावा करती है और सभी मामलों में षड्यंत्र करके छत्तीसगढ़ की फिजा खराब करने का प्रयत्न करती है। कांग्रेस ने सामाजिक कार्यक्रम में असामाजिक तत्वों को घुसा कर समाज को बदनाम करने का षड्यंत्र किया अब फिर वह वही षड्यंत्र कर रही है इसके लिए उन्हें समाज से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा, राजीव मितान क्लब बंद होने पर भूपेश बघेल का यह बयान की युवा खाली हो गए हैं इसलिए प्रदेश में बलात्कार और हत्या की घटनाएं व अपराध बढ़ रहे हैं। इससे साफ है कांग्रेस ने अपराधियों को संरक्षण देकर रखा था। शिक्षक दिवस के दिन बलौदाबाजार के हेड मास्टर पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर के पर पैसा ऐंठने का आरोप लगाकर आत्महत्या कर लेते हैं। सूरजपुर में एक पुलिस हेड कांस्टेबल की पत्नी और मासूम बच्ची की हत्या के मामले में कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई के पदाधिकारी कुलदीप साहू की संलिप्तता सामने आई थी।

### रायपुर-अंबिकापुर-बिलासपुर विमान सेवा छत्तीसगढ़ की एक और ऊंची उड़ान



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने रायपुर-अंबिकापुर-बिलासपुर विमान सेवा के शुरू होने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री देव ने कहा, सरगुजा को हवाई यात्रा सेवा से जोड़ने की मांग एक लंबे अरसे से की जा रही थी, जिसे प्रदेश की संवेदनशील भाजपा सरकार ने साकार करके दिखाया है। यह छत्तीसगढ़ की एक और ऊंची उड़ान है और अंबिकापुर समेत सरगुजा संभाग के आधा दर्जन जिले इस हवाई यात्रा सुविधा से लाभान्वित होंगे। श्री देव ने कहा, यह नई विमान सेवा न केवल इन शहरों के बीच की दूरी कम करेगी, बल्कि पर्यटन, व्यापार और रोजगार के नए अवसरों का निर्माण करेगी, साथ ही क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगी। श्री देव ने बताया, अंबिकापुर को रायपुर के अतिरिक्त वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, दिल्ली एवं कोलकाता से जोड़ने का प्रयास जारी है।

## बृजमोहन बोले- जैव-सीएनजी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, छत्तीसगढ़ में जैव-सीएनजी संयंत्रों की स्थापना से राज्य में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिल रहा है। यह न केवल पर्यावरणीय लाभ प्रदान कर रहा है, बल्कि कृषि अवशेषों और गोबर जैसे संसाधनों के उपयोग से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा है।

श्री अग्रवाल ने बताया, उन्होंने छत्तीसगढ़ में सीएनजी संयंत्रों को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक और पर्यावरणीय लाभों को ध्यान में रखते हुए उठाए गए कदमों की लोकसभा में जानकारी मांगी थी। इस पर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने बताया, छत्तीसगढ़ में जैव-सीएनजी (सीबीजी) संयंत्रों की स्थापना के लिए केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर काम कर रही हैं। छत्तीसगढ़ सरकार ने वर्ष 2024-30 की नवीनतम औद्योगिक नीति के तहत बायो-सीएनजी संयंत्रों को प्रोत्साहित करने के लिए कई वित्तीय और अन्य सुविधाएं प्रदान की हैं। इनमें विद्युत शुल्क, स्टांप शुल्क, और पंजीकरण शुल्क में छूट शामिल है। गोबरधन पोर्टल के अनुसार, छत्तीसगढ़ में अब तक 18 सीबीजी परियोजनाएं पंजीकृत की गई हैं, जिनमें से एक परियोजना कार्यरत है और तीन निर्माणाधीन हैं। प्रत्येक संयंत्र स्थानीय स्तर पर लगभग 25 प्रत्यक्ष और 50 अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा करता है। इसके साथ ही, स्थानीय निर्माण और सहायक कार्यकलापों में भी लोगों को रोजगार मिल रहा है।

## बीएड अभ्यर्थियों की गुहार सड़क पर आ जाएगा परिवार





- बीएड अभ्यर्थियों को मिला अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक संघों का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सेवा सुरक्षा की मांग को लेकर आंदोलनरत बीएड अभ्यर्थियों के समर्थन में अब अधिकारी -कर्मचारी संघ, राजपत्रित संघ और शिक्षक संगठन भी सामने आ गए हैं।

सेवा सुरक्षा की मांग को लेकर गुरुवार से तूता में बीएड अभ्यर्थी बैठ गए हैं। धरना देने से पहले वे अपनी मांगों को लेकर सरगुजा से रायपुर तक पद यात्रा भी निकाल चुके हैं। धरने में बैठे सहायक शिक्षकों का कहना है कि हमारी नियुक्ति भारत सरकार के राजपत्र और छत्तीसगढ़ सरकार के भर्ती नियम के आधार पर हुई थी। अभ्यर्थी गाइडलाइन तय नहीं करते हैं। यदि हमें नौकरी से निकाल दिया जाएगा तो हमारा पूरा परिवार सड़क पर आ जाएगा।

### अंबिकापुर से पैदल चलकर पहुंचे तूता

अधिकारी-कर्मचारी संगठन तथा राजपत्रित आधिकारी संघ के अध्यक्ष कमल वर्मा ने शासन से बीएड अभ्यर्थियों के योग्यता के अनुरूप समायोजन की मांग की। 350 किमी यात्रा करके देर रात राजधानी पहुंचने पर शिक्षक संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने भी अपने संघ का पूरा समर्थन,सहानुभूति बीएड अभ्यर्थियों के प्रति दिखाई। अम्बिकापुर से पैदल चल कर तूता पहुंचे इन सहायक शिक्षकों का कहना है कि यदि शासन द्वारा सेवा-सुरक्षा के विषय में कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया जाता, तो यह तीन दिवसीय धरना अनिश्चितकालीन हड़ताल का रूप ले सकता है।

## कस्टम मिलिंग का भुगतान दो हिस्सों में मिलेगा, नीति में हुआ ये नया बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- डिलीवरी आदेश के बाद 10 दिनों में उठाव जरूरी
- मिलरों को क्षमता का 75 प्रतिशत धान ही मिलेगा

छत्तीसगढ़ में धान की कस्टम मिलिंग के लिए बनाई गई 2024-25 की मिलिंग नीति में मिलरों को किए जाने वाले भुगतान को लेकर नया बदलाव किया गया है।

अब मिलरों द्वारा न्यूनतम दो माह की क्षमता या जिले में उपलब्ध या अंतर जिला में आवंटित धान की मात्रा के आधार पर कस्टम मिलिंग करने पर इस राशि की दर से 50 प्रतिशत राशि का भुगतान कस्टम मिलिंग शुल्क के साथ किया जाएगा। शेष 50 प्रतिशत राशि का भुगतान केंद्रीय पूल में निर्धारित लक्ष्य की पूरी मात्रा जमा होने के बाद किया जाएगा। राज्य सरकार ने कस्टम मिलिंग पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित मिलिंग दर के अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि 80 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से अदा करेगी। इसके साथ ही कस्टम मिलिंग की प्रक्रिया के संबंध में तय किया गया है कि कंप्यूटरीकृत प्रक्रिया के माध्यम से समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग कार्य पूरा किया जाएगा। मिलिंग प्रक्रिया के दौरान कंप्यूटरीकरण का काम प्रबंध संचालक मार्कफेड की देखरेख में होगा। मिलिंग के लिए मिलरों का पंजीयन अनिवार्य किया गया है। इशके साथ ही पंजीकृत मिलों को कस्टम मिलिंग की अनुमति कलेक्टर द्वारा दी जाएगी।

### अनियमितता की तो लगाया जाएगा प्रतिबंध



नीति में ये भी कहा गया है कि कस्टम मिलरों को उनकी वार्षिक क्षमता का केवल 75 प्रतिशत धान ही मिलिंग के लिए दिया जाएगा। आधुनिक मिलों और गैर व्यापारिक मिलों को मिलिंग के लिए धान देने में प्राथमिकता दी जाएगी। जिन मिलों के द्वार अनियमित तरीके से स्टॉक का परिवर्तित किया गया या उनके लॉट कई बार नान, एफसीआई में रिजेक्ट हुए हैं ऐसे मिलरों को केंद्रीय पूल के लिए कस्टम मिलिंग से प्रतिबंधित किया जाएगा।

### मिलों की बिजली खपत पर भी रहेगी नजर

कस्टम मिलिंग नीति में यह महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है कि सभी राइस मिल की मासिक खपत के डेटा और मिलों द्वारा प्रत्येक माह जमा कुल सीएमआर की एंट्री की जाएगी। यह डाटा एपीआई के माध्यम से सेंट्रल फुड प्रोक्योरमेंट पोर्टल को भी उपलब्ध कराया जाएगा। राइस मिलों में उपलब्ध धान, चावल के स्टॉक का भौतिक सत्यापन समय समय पर अधिकृत अधिकारियों से करवाने की बात नीति में कही गई है। खरीफ वर्ष 2024-25 के लिए कस्टम मिलिंग के अनुबंध में मिलिंग की समयावधि मिल की मिलिंग क्षमता के अनुसार निर्धारित किया जाए। जिला विपणन अधिकारी द्वारा डिलीवरी आर्डर जारी करने के बाद मिलर द्वारा 10 दिन के भीतर डिलीवरी आर्डर में उल्लेखित मात्रा के अनुसार उठाव करेगा। 10 दिनों में उठाव न करने पर धान की मिलिंग में विलंब रोकने के लिए अनुंबध में दंड का प्रावधान रखने की बात नीति में कही गई है।

### श्रीमद भागवत कथा 2 से, पहले दिन निकलेगी शोभायात्रा

**रायपुर।** मिरानी ग्रुप द्वारा जैनम मानस भवन में सात दिवसीय 2 से 8 जनवरी तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस भागवत कथा का कथावाचक विश्वविख्यात भागवताचार्य रमेश भाई ओझा होंगे। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि कथा का समय शाम 4 से 7.30 बजे तक होगा। कथा के पहले दिन 2 जनवरी को सुबह 11 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। सौम्याजी दीक्षित गोस्वामी 108 द्वारकेश लाल महाराज, मगनभाई राज्यगुरु मुंबई तथा अयोध्याधाम व अन्य प्रांतों से पधारे साधु-संतों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन शाम 4 बजे होगा। इसके बाद पूज्य भाईश्री द्वारा रसराज प्रभु की कथा अविरल 8 जनवरी तक प्रवाहित होगी।

## महिला क्रिकेट में ओडिशा के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की जीत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ वुमेंस अंडर-19 तथा ओडिशा वुमेंस अंडर-19 के मध्य वनडे अभ्सास मैच गुरुवार से शुरू हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पहला मैच कटक में ओडिशा टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया।ओडिशा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 50 ओवरों में 6 विकेट खोकर 161 रन बनाये। ओडिशा की ओर से अनन्या ने 28 तथा सुनीता ने 25 रन बनाये। छत्तीसगढ़ टीम की ओर से अनम खान ने 3 विकेट लिए। राधिका नेताम, चांदनी कुमारी तथा दीपिका भगत ने 1-1 विकेट प्राप्त किए।

## डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना का नाम बदले जाने से मनवा कुर्मी समाज नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/तरपोंगी

- राजधानी में किया प्रदर्शन, प्रदेशभर से जुटे हजारों प्रतिनिधि
- मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



प्रदेश शासन द्वारा डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना का नाम बदले जाने को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी समाज सहित सर्व छत्तीसगढ़िया समाज नाराज है। गुरुवार को प्रदेशभर से विभिन्न समाज के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में राजधानी पहुंचे और नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर प्रदर्शन किया। साथ ही योजना का नाम बदले जाने का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी समाज सहित सतनामी समाज, धोबी समाज, सेन समाज, साहू समाज, चंद्राकर समाज सहित सर्व छत्तीसगढ़िया समाज के प्रतिनिधि शामिल रहे। मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना का नाम बदला जाना छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वप्नदृष्टा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाज सुधारक डॉ. खूबचंद बघेल का ही नहीं, अपितु मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज सहित सर्व छत्तीसगढ़िया समाज का भी अपमान है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन का ऐसा अनपेक्षित निर्णय प्रदेश के महापुरुषों के गौरव एवं स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने के साथ ही उनकी अस्मिता को मिटाने की साजिश है।



## सेक्टर-9 हास्पिटल से रामकृष्ण अस्पताल रायपुर भेजे गए मरीज

# ग्रीन कॉरिडोर बनाकर तीन गंभीर मरीजों को पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



यातायात पुलिस ने दो दिनों में तीन गंभीर मरीजों की जान बचाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया। सेक्टर 9 अस्पताल में भर्ती मरीजों को रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर पहुंचाया गया। भिलाई से रायपुर के मध्य ट्रैफिक की समस्या है और गंभीर मरीजों को कम समय में हॉस्पिटल में दाखिल करवाने की जरूरत होती है। मौजूदा स्थिति में ग्रीन कॉरिडोर की अच्छा उपाय है। जितेन्द्र शुक्ला पुलिस अधीक्षक दुर्ग के निर्देश व ऋचा मिश्रा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) के नेतृत्व में ग्रीन कॉरिडोर बना। यातायात के समस्त अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा मिलकर बनाये गये ग्रीन कोरिडोर एवं हाइवे पेट्रोलिंग की सहायता से मात्र 38 मिनट में एम्बुलेंस को सेक्टर 9 हास्पिटल भिलाई से रामकृष्ण हास्पिटल रायपुर पहुंचाया गया।

### केस वन

सेक्टर 09 हास्पिटल में आमेश कुमार उम्र 68 साल पता इस्पात नगर रिसाली का इलाज चल रहा था। इलाज दौरान स्वास्थ्य सुधार न होने पर उसे रामकृष्ण हास्पिटल रायपुर में दाखिल करवाने की जरूरत पड़ी। इस मरीज को सेक्टर 9 हॉस्पिटल से दोपहर 4 बजे रवाना किया गया। महज 38 मिनट में इस मरीज को हॉस्पिटल तक ले जाया गया।

### केस दो

बुधवार की रात को नागपुर की 3 साल की बच्ची के इलाज के लिए ग्रीन कॉरिडोर बना। गंभीर बच्ची को नागपुर से नया रायपुर सत्य साईं हॉस्पिटल ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। जिसे यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा रात्रि 1:30 बजे अंजोरा बाईपास से पायलटिंग कर कुम्हारी टोल प्लाजा क्रॉस करवाया गया।

### केस तीन

सेक्टर 9 हास्पिटल के आईसीयू में भर्ती इस्पातनगर निवासी बीएसपी के पूर्व कार्मिक आमोस कुमार को भी गुरुवार को गंभीर स्थिति में ग्रीन कारिडोर बनाकर एंबूलेंस से मात्र 43 मिनट में रामकृष्ण अस्पताल रायपुर ले जाया गया। उन्हें 17 दिसंबर को मैसिव हार्ट अटैक आने पर परिजनों द्वारा जेएलएन हास्पिटल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। हालत में सुधार नही होता देख दोपहर 2.50 बजे रिफर किया गया। आमोस कुमार के पुत्र जानसन कुमार ने बताया कि रामकृष्ण हास्पिटल तक ग्रीन कारिडोर बनवाने में दुर्ग के एसपी जीतेंद्र शुक्ला व ट्रैफिक पुलिस का सराहनीय योगदान रहा। यहां डाक्टरों की भी हौसलाआफजाई से जल्द स्वस्थ होने का विश्वास बढ़ा है।

## खबर संक्षेप



### स्वच्छताग्राही समूहों को किया सामग्री वितरण

**डौंडीलोहारा।** डौंडीलोहारा जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत झरनटोला में विगत 18 दिसम्बर को सरपंच गोकूल प्रसाद भुआर्य की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत भवन में इस पंचवर्षीय का आखिरी बैठक आहूत किया गया। इस अवसर पर शासन के द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छताग्राही सम्मान में ग्राम पंचायत के दो समूहों, राधाकृष्ण महिला स्व सहायता समिति और जय दुर्गे महिला स्व सहायता समिति के लगभग 28-30 सदस्यों को सरपंच , सचिव व पंचों के कर कमलों द्वारा जूता, सीटी, कोट, टोपी सहित अन्य सामग्री का वितरण गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पंचायत के उपसरपंच,पंचगण सहित ग्राम के प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### ठाकुर शक्तिसिंह ने भाजपा का दामन थामा

**बालोद।** कांग्रेस के नेता ठाकुर शक्तिसिंह ने कांग्रेस से त्यागपत्र देकर जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। वे लंबे समय से कांग्रेस मे सक्रिय थे। उनके भाजपा प्रवेश पर लोगो ने हर्ष व्यक्त किया।

### सुशासन का एक सालः मनाया जा रहा जनादेश परब

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सुशासन का एक सालः छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल₹ अभियान के अंतर्गत जनादेश परब मनाया जा रहा है। इस परब के माध्यम से प्रदेशवासियों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का संदेश ₹विष्णु की पाती₹₹ जिले के विभिन्न लाभार्थियों तक पहुंचाया जा रहा है। यह संदेश हितग्राहियों को प्रोत्साहित करते हुए शासन की संवेदनशीलता को दर्शाता है। जिले में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में राज्य शासन से प्राप्त दिशानिर्देशों का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ श्री बजरंग कुमार दुबे ने कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के सभी जनपद पंचायतों, नगरीय निकायों, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारिता, वन विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को सुशासन का एक साल जनादेश परब से संबंधित आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए हैं।

## निधन

### संजय कुमार साहू



**अंडा।** ग्राम चिंगरी निवासी संजय कुमार साहू पिता जगन साहू 45 वर्ष का 19 दिसंबर को निधन हो गया। वह विनिता साहू के पति व भुनेश्वर साहू, दिनेश साहू के भाई थे। अंतिम संस्कार में ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

**समक्ष-प्रथम मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बालोद, जिला बालोद (छ.ग.)**

क्लेम प्रकरण क्रमांक - 108/2022
प्रोसेस क्रमांक 1158/2024
उमन सिंह पिस्दा ......आवेदक
**विरूद्ध**
राकेश कुमार देशमुख वगै .........अनावेदकगण
**बनाम**- द न्यु इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, द्वारा माइक्रो शाखा कार्यालय चर्च के पास राजनांदगांव रोड बालोद, जिला बालोद (छ.ग.)

आप अनावेदक द न्यु इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के खिलाफ आवेदक द्वारा धारा 166 मोटरयान अधिनियम 1988 के अंतर्गत क्षतिपूर्ति राशि 25,20,000/- रूपए दिलाये जाने बाबत आवेदन पेश किया गया है, जो कि आपके स्वामित्व (बीमाकर्ता कंपनी) के वाहन मोटरसायकल बजाज पल्सर क्र. सी.जी/24/आर./4781 से हुई दुर्घटना में गंभीर चोटें हो जाने के बारे में पेश की गई है।

इस मामले में आगामी नियत पेशी तारीख 08/01/2025 को दिन के 11.00 बजे खुद या ऐसे वकील के मार्फत जिसे कि तुम मुकदमें की बातें ठीक-ठीक तौर से समझा दी गई हो और जो मुकदमें के बारे में कुछ जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ कोई ऐसा आदमी मौजुद हो जो कि, ऐसे सवालात का जवाब दे सके) मुकदमें का जवाब देने के लिए हाजिर हो जाओ और तुम्हारी हाजिरी के लिए मुकर्रर किया हुआ दिन मुकदमें के आखिरी फैसले के वास्ते रखा जाने की वजह से तुम्हें उस तारीख को ऐसे सभी गवाहों और दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रखना होगा, कि जिस पर तुम अपने बचाव की पुष्टि के लिए भरोसा रखना चाहते हो।

तुम्हे ताकिद की जाती है कि यदि तुम तारीख मजूकर पर हाजिर न होओगे, तो तुम्हारे गैरहाजिरी में मुकदमें की सुनवाई होकर उसका फैसला किया जावेगा, यदि मुकर्रर तारीख को अवकाश घोषित हो जावे या किसी कारणवश न्यायालयीन कार्य स्थगित हो जावे तो प्रकरण की सुनवाई उसके अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज तारीख 14 माह 11 सन 2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(किरण कुमार जांगड़े)
प्रथम मो. दु. दावा अधिकरण बालोद
जिला बालोद (छ.ग.)

## संगठन चुनाव : जिलाध्यक्ष ने कहा 24 घंटे में 8 घंटा आपको संगठन के लिए तैयार रहना होगा

# अमित बने बालोद के मंडल अध्यक्ष, अरुण को जुंगेरा, करहीभदर की जिम्मेदारी धर्मेंद्र को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद








अमित चोपड़ा बालोद मंडल बनाए गए। जुंगेरा के मंडल अध्यक्ष अरुण साहू एवं करहीभदर मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी धर्मेंद्र साहू को दी गई। संगठन महापर्व चुनाव के तहत जिला भाजपा कार्यालय बालोद में ग्रामीण मंडल जो दो भागों में बटा जिसमें एक मंडल जुंगेरा एवं एक मंडल करहीभदर के नए मंडल अध्यक्ष की घोषणा हुई।

चुनाव प्रभारी जिला कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा ने अध्यक्षों की घोषणा की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पवन साहू एवं जिला महामंत्री राकेश यादव एवं चमन लाल साहू ने संगठन में सबको साथ लेकर चलने की सलाह दी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि 24 घंटे में कम से कम 8 घंटा आपको संगठन के लिए तैयार रहना होगा। क्योंकि भाजपा ऐसी पार्टी है जिसके लिए सुबह से रात तक कभी भी कोई भी कार्य जनता के हित एवं संगठन के लिए तत्पर रहना है। वर्तमान अध्यक्ष प्रेम साहू ने कहा की पूरे पांच वर्ष तक सभी का साथ मिला। उन्होने कहा कि भाजपा के लिए हमेशा तन, मन, धन के साथ सेवा करता रहूंगा। अरुण साहू एवं धर्मेंद्र साहू ने कहा की आगामी संगठन के कार्य योजना के लिए सभी का साथ चाहिए। आप सब की सहयोगी की अपेक्षा है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कार्यालय प्रभारी लोकेश श्रीवास्तव, जिला मंत्री कृतिका साहू, मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, जिला मिडिया प्रभारी कमल पनपालिया, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष तोमन साहू, पालक ठाकुर, मंडल महामंत्री दानेश्वर मिश्रा, चित्रसेन साहू, कल्याण साहू, मणिकांत बघेल, कृष्ण कुमार वर्मा, बहुर नेताम, विकास साहू, संतोष साहू, मनीष गांधी, रामेश्वर पटेल, पार्थ साहू, शोभाराम साहू, हरीराम साहू, किशनलाल, राकेश सोनकर, छगन साहू, घनश्याम पटेल, कीर्तन साहू, बलिदास, हीरालाल साहू, गजेंद्र यादव, बाल सिंह साहू, शिवराम साहू, चंद्रभान साहू, ध्रुव कुमार साहू, श्याम सुंदर साहू, भूपेंद्र सिंह, हरीराम, गिरधार नायक, कुलदीप यादव, —पाराम साहू, यशवंत साहू, भोलाराम साहू, ओमप्रकाश रात्रे, दिनेश सिन्हा, गणेश राम साहू, प्रदीप साहू, युवराज साहू, बुद्धू राम, साहू लीलाराम डरसेनाना, महेश्वरी ठाकुर, सीता साहू, विनोद गिरि गोस्वामी, हरिश्चंद्र साहू, संतोष कुमार देशमुख, चिंताराम कुंभकार, सांतनु साहू, हेमराज साहू, कमलेश निषाद, मोहनलाल साहू, रामेश्वर पटेल, चंद्रहास साहू, भूपेंद्र सिन्हा, राजू लाल एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## टुकेश्वर बने पुरुर मण्डलअध्यक्ष, खेमलाल को मिली सनौद की जिम्मेदारी





**गुरूर।** भाजपा संगठन मे तहसील के दो नवीन मण्डलो में अध्यक्ष की घोषणा शुक्रवार को की गई। पुरुर मण्डल से टुकेश्वर पाण्डेय एवं सनौद मण्डल से खेमलाल देवांगन को मण्डल अध्यक्ष घोषित किया गया। जिला संगठन के चुनाव के लिए गुरुर मण्डल से कौशल साहू, पुरुर मण्डल से त्रिलोकी साहू एवं सनौद मण्डल से हरिकृष्ण गंजीर को चुना गया। गुरुर मण्डल के अध्यक्ष की घोषणा अभी नहीं की गई है। प्रदेश संगठन के निर्देश पर नियुक्त किए गए गुरूर एवं पुरुर मण्डल के प्रभारी भाजपा जिला महामंत्री चिमन देशमुख एवं सनौद मण्डल प्रभारी पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू सह प्रभारी त्रिलोकी साहु बंद लिफाफा में पुरुर एवं सनौद मण्डल अध्यक्ष के नाम लेकर पहुंचे थे, दोनों को ही नहीं मालूम था कि लिफाफे में किसके सर पर मण्डल अध्यक्ष का दायित्व आने वाला है। पहले पुरूर मण्डल के लिए विरेन्द्र साहू ने लिफाफा खोला, जिसमे कंवर निवासी टुकेश्वर पाण्डेय का नाम घोषित होते ही कार्यकर्ता खुशी से झूमने लगे। चिमन देशमुख ने सनौद मण्डल के बंद लिफाफा को खोला जिसमें अरकार निवासी खेमलाल देवांगन का नाम सामने आते ही कार्यकर्ताओ का जोश व उत्साह चरम पर पहुंच गया। कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए चिमन देशमुख ने कहा की अध्यक्ष यह नहीं समझे कि वह सर्वेसर्वा है, भाजपा जातिपंथ की नहीं कार्यकर्ताओ की पार्टी है। सभा को पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू एवं मण्डल अध्यक्ष कौशल साहू ने भी संबोधित किया। संचालन महामंत्री मेहत्तर नेताम ने किया। इस दौरान नंद किशोर शर्मा, ईशा प्रकाश साहू, नरेश साहू, लखनलाल गुरूपंच, आदित्य पिपरे, त्रिलोकी साहू, जनार्दन सिन्हा, राजेश दीवान, भुवन लाल साहू, उज्जवल साहू, तेजराम साहू, छगन लाल साहू, ई"वर साहू, चंदन सिन्हा, हरिकृष्ण गंजीर, गिरधर ठाकुर, लेखक चतुर्वेदी, ललिता साहू, नीता साहू, चन्द्रलता साहू, पन्नालाल साहू, चन्द्रप्रकाश गांधी, लिखेश्वर साहू, ढंगु हिरवानी, संतोश गंगबेर, पीमन साहु सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विश्वास को मिली अर्जुंदा मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी, कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी



**अर्जुन्दा।** भाजपा मंडल चुनाव अधिकारी यशवंत जैन प्रदेश से आए बंद लिफाफे को लेकर अर्जुंदा में आयोजित बैठक में पहुंचे। उन्होंने आला कमान से सौंप गए लिफाफे में आए नाम का वाचन किया, जिसके बाद विश्वास जीतू गुप्ता के नाम की घोषणा नवनिर्वाचित अध्यक्ष के रूप में की गई।

इसके बाद कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिश बाजी करते हुए मिठाइयां बांटी। चुनाव अधिकारी ने विश्वास जीतू गुप्ता को बधाई देते हुए इस दायित्व को सफलतापूर्वक निर्वाहन हेतु सबको साथ लेकर चलने की बात कही। मंडल अध्यक्ष प्रणेश जैन ने मंडल अध्यक्षीय कार्यकाल में सहयोग हेतु कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष विश्वास जीतू गुप्ता को बधाई दी। जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेश यदु ने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर जिले ही नहीं बल्कि प्रदेश के सबसे बेहतर मंडल के रूप में पहचान बनाने की बात कहते हुए कार्य करने की सलाह दी। नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वास जीतू गुप्ता ने कहा मतदान केंद्र के कार्यकर्ताओं के हर परेशानी, हर सहयोग के लिए पल पल क्षण क्षण साथ रहूंगा और भाजपा के संगठन को मजबूती दिलाने के लिए काम करूंगा।

इस अवसर पर यशवंत जैन, नरेश यदु, प्रणेश जैन, सालिक देशमुख, मोंटी यादव, पवन सोनवर्षा, हरिराम साहू, रोशन अमृत, हरीश साहू, लिलेश्वर ठाकुर, ओंकार सिन्हा, सरिता ठाकुर, कीर्ति ऊके, थिनेश्वरी सोनकर, रूखमणी सोनकर, रोशन सिन्हा, गवींद्र साहू, देवेंद्र साहू, परमानंद देवांगन, पंकज चौधरी, रामवतार गेंदे, गौकरण मेरिहा, आलोक तिवारी, चंद्रहास देवांगन, रोमन सोनकर, युगल बोरकर, सोमन निषाद, सूर्यकांत गजेंद्र, पालेश्वर साहू, संजय साहू, शेखर साहू, ईश्वर देवांगन, शत्रुघन यादव, लवण साहू, ओसाब यादव, बृजेश सिन्हा, चेमन सिन्हा, अनिल सोनी, जसवंत सिंह, विशु तिवारी, नवीन राजपूत, शीशम जोशी, गोदावरी साहू, संतानु जोशी, विजय जोशी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने की जमकर आतिशबाजी



**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी बालोद मंडल के अध्यक्ष की घोषणा जिला निर्वाचन अधिकारी नीलू शर्मा, मंडल प्रभारी वीरेंद्र साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू, वरिष्ठ नेता यशवंत जैन, राकेश यादव, जिला महामंत्री चेमन देशमुख, राकेश छोटू यादव की उपस्थिति में हुई। बैठक में बालोद मंडल अध्यक्ष के लिए अमित चोपड़ा के नाम की घोषणा हुई। घोषणा होते ही नारेबाजी के साथ कार्यकर्ताओ ने नवनियुक्त अध्यक्ष अमित चोपड़ा को बधाई दी एवं जिला कार्यालय के बाहर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की। कार्यकर्ताओ द्वारा जिला कार्यालय से वाहन रैली शहर के प्रमुख मार्गों से निकाला गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से निर्वतमान मंडल अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर, वरिष्ठ पार्षद कमलेश सोनी, जनपद उपाध्यक्ष कल्याण साहू, पालक ठाकुर, जिला मंत्री अम्बिका यादव, शरद ठाकुर, लोकेश श्रीवास्तव, संतोश कौशिक, नरेंद्र सोनवानी, विनोद जैन, रवि पांडेय, पंकज आहूजा, अजय बाफना, गणेश राम साव, हितेश्वरी कौशिक, प्रीति देशमुख, सुनीता मनहर, प्रतिमा यादव, समीर खान, रौनक कत्याल, राहुल सोनी, दीपक देवांगन, शेखर यादव, हरीश दुबे, टिकेश्वर साहू, अमित दुबे, संदीप सिन्हा, राजीव शर्मा, कमल पंपालिया, बहुर नेताम, कमलेश निषाद, प्रवीण सारदा, जितेंद्र निर्मलकर, सतानन्द साहू, रामेश्वर पटेल व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## युवराज सिकोसा व ओटेबंद मंडल से कुलदीप को मंडल अध्यक्ष बनाए गए



**गुण्डरदेही।** प्रदेश व जिला भाजपा ने शुक्रवार को आखिरकार गुण्डरदेही मंडल के आलावा नए गठन किए। दो मंडल सिकोसा व ओटेबंद का नए मंडल अध्यक्षो की घोषणा की गई। जिसमें गुण्डरदेही मंडल से युवराज मारकंडे, सिकोसा मंडल से प्रकाश सिन्हा व ओटेबंद मंडल से कुलदीप साहू को मंडल अध्यक्ष बनाए गए।

चुनाव अधिकारी यशवंत जैन व पुर्व जिलाध्यक्ष कृष्णकांत ने तीनों नाम की घोषणा की, बता दे कि प्रदेश भाजपा ने इस बार मंडल चुनाव मे मंडल अध्यक्ष के लिए 35 वर्ष से 45 वर्ष तक आयु सीमा तय की गई थी, जिसमे प्रत्येक मंडल से तीन-तीन नाम मंगाए गए थे, जिसमें प्रदेश भाजपा ने गहन विचार कर चयन किए गए नाम को लिफाफा में बंद कर जिला को घोषणा के लिए चुनाव अधिकरी को भेजा गया। जिसमें गुण्डरदेही मंडल अध्यक्ष में युवराज मारकंडे, सौरभ जैन व विजय सोनकर दावेदार थे। सिकोसा मंडल से प्रकाश सिन्हा, लेखराम साहू, चुरामन यादव व ओटेबंद मंडल से कुलदीप साहू, श्रीकांत वर्मा व कमलेश पांडे दावेदार थे, शुक्रवार को मंडल चुनाव अधिकारी यशवंत जैन व कृष्णकांत पवार ने गुण्डरदेही भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओ के बीच क्रमशः तीनों नए मंडल अध्यक्षो की घोषणा की गई। इस अवसर पर सह चुनाव प्रभारी पुष्पेंद्र चंद्राकर, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष लेखराम साहू, मंडल अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सोनवानी, प्रमोद जैन, ठाकुर राम चंद्राकार, अश्वनी यादव, इन्द्रपाल चन्द्राकर, हेमंत साहू, दिलीप कुल्हरे, सौरभ जैन, थानसिंह मंडावी, टीकाराम निषाद, महेश महिलवार, श्रीकांत वर्मा, सेवक महिपाल, दयाराम सिन्हा, थानमल जैन, मिलन साहू, कादिर मंसूरी, विकास जैन सहित तीनो मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कुसुम बनी डौंडीलोहारा की भाजपा मंडल अध्यक्ष



**डौंडीलोहारा।** प्रदेश महिला मोर्चा कार्यकारिणी की सदस्य कुसुम शर्मा को भाजपा मंडल डौंडीलोहारा का अध्यक्ष बनाया गया हैं। शुक्रवार को चुनाव प्रभारी यज्ञदत्त शर्मा ने डौंडीलोहारा पहुंचकर स्थानीय सरस्वती शिशु मन्दिर में आयोजित कार्यक्रम में उनके नाम की घोषणा की। इस दौरान उनके साथ उनके सहयोगी विनोद कौशिक, छाया विधायक व प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, जिला कोषाध्यक्ष दिलिप शर्मा, राकेश यादव, छाया विधायक बालोंद भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा व कई अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजुद रहे।

**बालोद जिले के इतिहास में भाजपा ने पहली बार महिला को बनाया मंडल अध्यक्षः** भाजपा नेताओं ने बताया कि बालोद जिले के इतिहास में यह पहली बार है जब पार्टी व संगठन की ओर से किसी महिला को मंडल अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डौंडीलोहारा मंडल के लिए मंडल अध्यक्ष के लिए कुसुम शर्मा के नाम की घोषणा होते ही महिला कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। दिन भर उन्हें बधाई देने वालो का तांता लगा रहा। भाजपा नेता होरीलाल रावटे, जयेश ठाकुर जिलामंत्री भाजपा विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष बलराम गुप्ता, जयलाल मालेकर, जसराज शर्मा, इकबाल अरोड़ा, पूनम जैन, संजय दुबे, हरीश कटझरे, सुरेश केसरवानी, दिनेश जैन, दुष्यंत गिरी गोस्वामी, मनोज भंडारी, सूरजभान साहू, हेमलाल देशलहरा, हीरा ठाकुर,जीवराखन कौमार्य, डोमेन्द्र देशमुख, तुकाराम साहू, धर्मेंद्र निषाद, मोहन निषाद, उत्तरा खरे, पूनम लोढ़ा, रवि जैन, सुरेश देशमुख, डेविड बारले, टेकराम सिन्हा,होत्रीनंदन मिश्रा, उत्तम मालेकर, प्यारे निषाद, प्रतीक जैन, दारा सिंघ भोसारय, धीरेन्द्र टांक, राजू सिन्हा, संतोष यादव, धीरज लोढ़ा, दिलीप बाफना, राहुल सांखला, दीपक थवानी, बलदाऊ सेन, पूर्णिमा, आरती संचेती ने बधाई दी।

## सुपोषण चौपाल में हितग्राहियों को पोषण संबंधी जानकारी दी गई



**डौंडीलोहारा।** नगर के सतनामी पारा में सुपोषण चौपाल एवं 'विष्णु की पाती'का कार्यक्रम गुरुवार को मनाया गया। जिसमें सुपोषण चौपाल अंतर्गत हितग्राहियों को पोषण संबंधी खान-पान,साफ सफाई के बारे में जानकारी दिया गया साथ महतारी वंदन योजना के तहत सभी हितग्राहियों को 'विष्णु की पाती ' जनप्रतिनिधि पार्षद सुभद्रा टांडेकर के द्वारा हितग्राहियों को पावती वितरण किया गया एवं घर-घर जाकर प्रोत्साहित किया गया कि महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को 1000 रुपए राशि मिलती है उसका कुछ अच्छा कार्य में उपयोग किया करें। आज के इस कार्यक्रम में सुभद्रा टांडेकर पार्षद, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हेमपुष्पा, सहायिका चित्रलेखा ठाकुर, शिलाबाई, शारद देशलहरे, गणेशिया, सिराज बाई,नीरा गायकवाड, रेखा, राखी,परमियां बाई, सुमन, निर्मला बाई,सपना गायकवाड एवं वार्ड की अन्य महिलाएं उपस्थित रही।

## विधायक सिन्हा ने धान विक्रय में किसानों को हो रही परेशानियों को विधानसभा में उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



विधायक संगीता सिन्हा ने धान विक्रय में किसानों को हो रही परेशानियों को विधानसभा में जोर शोर से उठाया। संगीता सिन्हा ने विधानसभा में कहा की भाजपा ने चुनाव के दौरान जो घोषणा की थी, उस पर अमल करें एवं किसानों का दाना दाना खरीदें।

एक मुस्त भुगतान करें। तौल निर्धारित मात्रा से अधिक न लें। संगीता सिन्हा ने विधानसभा में पूछा कि सरकार बताए कि संजारी बालोद विधानसभा मे सरकार किस किसान को एक मुश्त 3100 रुपए क्विंटल की दर से भुगतान किया है, सरकार एकमुश्त भुगतान का दावा कर रही है। जबकि सरकार किसानों को समर्थन मूल्य पर भुगतान कर रही है, अंतर की राशि कब दी जाएगी कोई नहीं बताता। संगीता सिन्हा ने कहा की समितियों में अव्यवस्था है, किसान धान बेचने के लिए भटक रहे हैं, कई समितियों में जगह के अभाव में खरीदी रूक रही है, बारदाना के लिए भटकना पड़ा, समितियों में धान खरीदी के दौरान अधिक मात्र में तौला जा रहा है। संगीता सिन्हा ने कहा की टोकन के लिए किसान भटक रहे है, ऑनलाईन टोकन में तारीख नहीं मिल रही है, लंबा इंतजार करना पड़ रहा है, ऑनलाईन की व्यवस्था भी चरमराई हुई है। किसान सार्वजनिक स्थानों में धान रखने को मजबूर है, इसकी रखवाली के लिए किसानो को असुरक्षित रुप से कड़क ठंड मे बाहर सोना पड़ रहा है। संगीता सिन्हा ने कहा 3048 राईस मिलरो का मिलिंग 2022—23, 2023—24 का 4000 करोड़ का भुगतान बकाया है, सरकार भुगतान नही कर रही है, भुगतान न कर मिलरो पर छापामारी कर दबावपूर्वक कार्य कर रही है। सरकार किसानो एवं राईस मिलरो की समस्या का समाधान तत्काल करें। सरकार विज्ञापनों में झूठा प्रचार कर गुमराह कर रही है, संगीता सिन्हा ने कहा किसानों के हक के लिए सड़क से विधानसभा तक लड़ रही है, आगे भी किसानो के हितो की रक्षा के लिए मेरी लड़ाई जारी रहेगी।






## खबर संक्षेप



### समाज कल्याण विभाग ने वरिष्ठजनों का किया सम्मान

**बालोद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। समाज कल्याण विभाग कार्यालय परिसर झलमला में आयोजित कार्यक्रम में उपसंचालक समाज कल्याण विभाग अजय गेडाम ने वरिष्ठजनों को शॉल, श्रीफल, छड़ी एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर वरिष्ठजनों ने भी अपने जीवन के अनुभव को साझा किया।

### जिपं सदस्य ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन



**गुरूर।** ग्राम पंचायत दरगहन एवं दानीटोला में गुरुवार को जिला पंचायत सदस्य मीना सत्येंद्र साहू द्वारा जिला पंचायत निधि से 9.50 लाख की लागत से निर्माण होने वाले विकास कार्यों की भूमि पूजन किया गया। इसमें ग्राम दानीटोला में 3.50 लाख की नाली निर्माण व दरगहन में 2.50 लाख रुपए का कलामंच एवं 3.50 लाख रुपए का नाली निर्माण कार्य शामिल हैं। भूमि पूजन कार्यक्रम समारोह में सरपंच विजेंद्र धुर्वे, उपसरपंच कल्याण पुरी गोस्वामी, ग्राम पटेल बृजलाल कोर्राम, जयराम कुंजाम, परदेशी राम, मोहन साहू, कमलेश्वरी व पंचगण सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### कलाकारों ने दी संगीत व नृत्य की मोहक प्रस्तुति




**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा खुली संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता" का उद्घाटन मंगलवार को महाप्रबंधक ( विजय कुमार के मुख्य आतिथ्य में महात्मा गांधी कलामंदिर सिविक सेंटर में किया गया। विशिष्ट अतिथि उप महाप्रबंधक सहीराम जाखड़ सहित सहायक प्रबंधक अभिजीत भौमिक व डेनिस क्रिष्टी भी उपस्थित थे। कलामंदिर में आयोजित 4 दिवसीय प्रतियोगिता में कर्नाटक (सुगम, शास्त्रीय गायन), हिन्दुस्तानी (सुगम, शास्त्रीय गायन), लोक गायन, एकल नृत्य (भरतनाट्यम, कुचिपूड़ी, कथक, ओड़सी), हिन्दुस्तानी वाद्य (तंतु वाद्य एवं ताल वाद्य) तथा खुली वर्ग समूह में नृत्य स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। 6 से 12 वर्ष एवं 13 से 18 वर्ष आयु समूह में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभागिता दी। प्रतियोगिता में पीटी उल्लास कुमार, स्मिता नायर तथा आर राजेश ने निर्णायक थे। कार्यक्रम का संचालन सुप्रियो सेन ने किया। प्रतियोगिता के मुख्य समन्वयक प्रभंजय चतुर्वेदी हैं।

**आयोजन : बीईओ कार्यालय ने नई शिक्षा की तैयारी पुस्तिका का विमोचन किया**

# कैरियर गाइड लाइन पुस्तिका से छात्रों को मिलेगी शिक्षा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/कलंगपुर

विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय गुण्डरदेही द्वारा प्रकाशित कलम नई शिक्षा की तैयारी एवं कैरियर गाइड लाइन पुस्तिका का विमोचन संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग आरएल ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी बालोद पीसी मरकले, सहायक संचालक दुर्ग आर स्वामी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डौंडी लोहारा मिश्रा के सानिध्य में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार यादव ने कलम पत्रिका के उद्देश्यों के बारे में बताते हुए कहा कि हमारे विकासखण्ड के विभिन्न शालाओं में बच्चों एवं शिक्षकों में कई नवाचारी प्रतिभाएं छुपी हुई हैं, जो प्रकाशन के अभाव में लोगों तक नहीं पहुंच पाती, इन्ही छुपी हुई प्रतिभाओं, शिक्षकों व बच्चों की नवाचारी गतिविधियों को उजागर करने के उद्देश्य से उक्त पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। इसमें विकासखण्ड के विभिन्न शालाओं में गतिविधियां जिसमें नवाचार, सामुदायिक सहभागिता, वॉल पेंटिंग्स, किचन गार्डन, कैरियर गाइड लाइन, प्रेरणास्पद कविताएं, कहानियां, प्रेरक प्रसंग, प्रतिभावान बच्चों की जानकारी व चित्रकारी, समावेशी शिक्षा, एफएलएन शैक्षणिक गतिविधियों पर किये गए कार्यों को पत्रिका में प्रमुखता से स्थान दिया गया है, ताकि पत्रिका का अध्ययन कर अन्य बच्चे व शिक्षक इससे प्रेरणा ले सके। जिला शिक्षा अधिकारी बालोद पीसी मरकले ने कहा कि यह पत्रिका जिले के लिए नींव का पत्थर साबित होगी, इससे प्रेरणा लेकर अन्य विकासखण्ड भी नवाचारी शैक्षणिक गतिविधियों के लिए अग्रसर होंगे।

मुख्य अतिथि संयुक्त संचालक दुर्ग आरएल ठाकुर ने कहा कि कलम पत्रिका का प्रकाशन ही अपने आप में एक नवाचार है, इसकी गूंज सिर्फ बालोद जिले ही नहीं राज्य स्तर तक होगी, जिसका दूरगामी परिणाम भविष्य में देखने को मिलेगा। सेवानिवृत्त शिक्षक सीताराम साहू श्याम, शिव कुमार अंगारे, रमेश कुमार यादव का प्रतीक चिन्ह, साल, कलम देकर सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य हो कि कैरियर गाइड लाइन के संपादन में सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्रद्धा ठाकुर, खेमराज साहू तथा शिक्षक तारकेश्वर साहू एवं कलम पत्रिका का संपादन प्रवीण लोन्हारे एवं सहायक संपादक के रूप में महेन्द्र कुमार साहू तथा आवरण पृष्ठ की साज सज्जा को अमलीजामा पहनाने में सुभाष गजेन्द्र तथा समस्त संकुल समन्वयक विकासखण्ड गुण्डरदेही ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।



**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में विकासखण्ड स्रोत समन्वयक किशोर कुमार साहू, विशेष अतिथि के रूप में लोचन देशमुख एवं विकासखण्ड गुण्डरदेही के समस्त संकुल प्राचार्य तथा संकुल शैक्षिक समन्वयक, तेनसिंह साहू, परमेश्वर साहू, दीपक ठाकुर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मिथलेश शर्मा ने किया। सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्रद्धा ठाकुर द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# डोटोपार में मानसगान प्रतियोगिता है जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

ग्राम डोटोपार में पंडित सुरेश चतुर्वेदी की स्मृति में तीन दिवसीय रामचरित मानसगान प्रतियोगिता 20 दिसम्बर से प्रारंभ हुई जो 22 दिसंबर तक चलेगी। 23 दिसंबर को नव वर्ष उत्सव के तहत ग्राम में मड़ई व रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक संस्था का कार्यक्रम रखा गया हैं। इसमें 20 दिसंबर को ग्राम के 70 साल से ऊपर के सियानों का सम्मान किया गया। वहीं 21 दिसंबर को अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 3501 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 3001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 2501 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 2001 रुपए, पंचम पुरस्कार 1501 रुपए, षष्ठम पुरस्कार 1201 रुपए रखा गया है। वहीं महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 3001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 2501 रुपए, तृतीय पुरस्कार 2001 रुपए रखा गया है। इसमे रंगोली प्रतियोगिता के तहत प्रथम पुरस्कार 444 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 333 रुपए, तृतीय पुरस्कार 222 रुपए रखा गया है। इसमें उद्घाटन के मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद मीना सत्येन्द्र साहू थीं। अध्यक्षता सदस्य जनपद पंचायत गुरूर चांदनी भोजराम देवांगन ने किया। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष तहसील साहू समाज गुरूर महेन्द्र साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर संध्या अजेन्द्र साहू, सरपंच ग्राम पंचायत कोलिहामार लेखक चतुर्वेदी, तिरेन्द्र देवांगन, सोमेश चतुर्वेदी, अश्वनी दुबे उपस्थित थे।

22 दिसंबर को मुख्य अतिथि विधायक बालोद संगीता सिन्हा होंगी। अध्यक्षता सभापति जिला पंचायत बालोद केदारनाथ देवांगन करेंगे। विशिष्ट अतिथि ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष गुरूर तामेश्वर साहू, सरपंच ग्राम पंचायत डोटोपार अजय चतुर्वेदी, विधायक प्रतिनिधि टोमन लाल साहू, पूर्व उपसरपंच डोटोपार बीरबल साहू एवं बुथ अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

22 दिसंबर को समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि रामकुमार साहू होंगे। अध्यक्षता जय प्रकाश राजपूत करेंगे। विशिष्ट अतिथि सेवक राम नेले, सचिव ग्राम पंचायत भिरई तीरथ राम साहू, निवेश चतुर्वेदी, गिरधर साहू, थलेश्वर कलिहारी उपस्थित रहेंगे।

# परब उत्सव पर छात्रों ने रंगोली में उकेरी सरकार की उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

- हायर सेकंडरी स्कूल में हुआ विविध कार्यक्रम



सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने पर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को रंगोली प्रतियोगिता, मेंहदी प्रतियोगिता, क्विंज आदि के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। शाला के छात्र छात्राओं द्वारा प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, अरुण साव को पत्र लिखकर धन्यवाद ज्ञापित किया।

बच्चों ने अपनी भावनाओं को पोस्ट कार्ड द्वारा पत्र लिखकर व्यक्त किया, जिसमें दुर्गा, श्वेता, आयुषी, देविका, रोशनी, राधिका, तेज प्रकाश, गणेश्वर, प्रतीक, कुणाल, उज्वल, प्रिया, शीतल, विवेक, टीलेश्वरी, विवेक, फाल्गुनी, पुष्पा, अनिकेत, मनीष, गरिमा आदि बच्चे शामिल थे। इसी प्रकार हेमा, सोनम, काजल, हिलेश्वरी, प्रियंका, लोकिता, माया ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को चित्रकारी के माध्यम से प्रदर्शित किया और शीतल, पुष्पा, मेघा, होमेश्वरी तथा नागेश्वरी ने शासन की छात्रों की हित में संचालित योजनाओं को रंगोली के माध्यम से उकेरा। क्विंज प्रतियोगिता में दानिश्वर, सुकृति, रेशमी, वैशाली आदि बच्चों ने भाग लेकर यह साबित कर दिया कि वे सरकार द्वारा अपने और प्रदेश हित में लिये जा रहे फैसलों से अनभिज्ञ नहीं है।समस्त आयोजनों में मार्गदर्शक और निर्णायक की भूमिका में सुश्री ऐनुका शार्वा, हेमंत साहू, सौरभ शर्मा थे।



विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रदीप मेश्राम ने छत्तीसगढ़ शासन की छात्राओं के विकास के लिए चल रही सरस्वती सायकल योजना, नोनी सुरक्षा योजना बच्चों के विकास के लिए लाभप्रद बताया। कार्यक्रम में विद्यालय के व्याख्याता डी आर साहू, आर एस देशमुख, अविनाश साहू, डुप्ले साहू, आर एन योगी, लवन साहू, तेजेश्वरी साहू, दामन देशमुख, भारती साहू डामन देशमुख आदि उपस्थित थे।

# सहकारी समिति में किसानों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

सेवा सहकारी समिति जामगांव आर में साय सरकार के एक साल पूरा होने पर सम्मान समारोह आयोजित कर किसानों का सम्मान किया गया। प्राधिकृत अधिकारी सोसायटी अध्यक्ष भगवान सिंह चंद्राकर, अध्यक्ष महाविद्यालय विकास समिति जामगांव आर कृषक नरेश केला, पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति जामगांव आर राम कुमार चंद्राकर, पूर्व सरपंच केएल साहू, अध्यक्ष शाला विकास समिति जामगांव आर अंगेश्वर साहू, युवा भाजपा नेता मेघनाथ सगरवंशी मंचासिन रहे।

इस अवसर पर सोसायटी एरिया जामगांव आर, बोरवाय, औरी, भंसुली, खोला, बासीन के किसान हूब लाल चंद्राकार, भुवन साहू, संतराम साहू, होमन चंद्राकर, लालाराम का सम्मान हुआ। समिति प्रबंधक वीरेंद्र कुमार देशमुखएवं समिति के समस्त कर्मचारी सहित कृषक उपस्थित थे। सेवा सहकारी समिति जामगांव आर प्राधिकृत अधिकारी भगवान सिंह चंद्राकर ने कहा कि भाजपा अन्नदाता का सदैव सम्मान करती है, वादा निभाने में खरा है यह सब प्रत्यक्ष आप हम सब देख रहे 3100 रु क्विंटल और 21 क्विंटल खरीदी से सब किसान खुश है।

**योजनाओं का भरपूर लाभ उठाए**




कृषक शासकीय कालेज अध्यक्ष नरेश केला ने कहा कि भाजपा किसानों की हितैषी है किसानों की हित का चिंतन करती है, किसानों के लिए अनेक योजना तैयार करती है। लाभ लेने योजनाओं की जानकारी लेने सतत प्रशासन के संपर्क में रहे। योजनाओं का भरपूर लाभ उठाए। मंडल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू ने शासन की योजनाओं पर प्रकाश डाला, पूर्व सरपंच केएल साहू ने चिरपरिचित अंदाज में अपनी बाते रखी। मंच संचालन कृषि विस्तारक अधिकारी प्रमेश साहू ने किया।

# डॉ. रुपेश बने भाजपा डौंडी मंडल के अध्यक्ष



**डौंडी।** नगर पंचायत के उपाध्यक्ष डॉ. रुपेश नायक को डौंडी मंडल अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर लोगों ने बधाई दी है। बता दें कि डॉ. रुपेश नायक 2010 से भाजपा के कार्यकता रहे हैं। नायक ने कहा कि संगठन को मजबूत करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। साथ ही डौंडीलोहारा विधानसभा में भाजपा को सफलता दिलाने के लिए बूथ स्तर पर कार्य किया जाएगा। उनके मनोनयन पर मंडल कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष पवन साहू, पर्यवेक्षक प्रीतम साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष झा के प्रति आभार जताया है। बधाई देने वालो में देवेंद्र माहला, सोमेश सोरी, दिनेश अग्रवाल, अजय चौहान, हिंसा राम साहू, नीलेश जायसवाल, संजीव मानकर, राजेंद्र नाहर, विशाल गुणधर, रुपेश ढेलड़यि आदि हैं।

# राज्य स्तरीय टूर्नामेंट के लिए पोस्टर विमोचित



**बालोद।** जिला हॉकी फेडरेशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट ग्राम कन्नेवाड़ा (करहिभदर) में 16 से 18 जनवरी तक है, जिसके प्रचार प्रसार के लिए पोस्टर का विमोचन फेडरेशन के अध्यक्ष तोमन साहू के मार्गदर्शन में करहीभदर के सरपंच लीलाराम डड़सेना द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सरपंच डड़सेना द्वारा पूर्ण रूप से सहयोग करने की बात कही। फेडरेशन के सचिव व कोच तोरण सिन्हा ने इस आयोजन के बारे में बताया कि यह आयोजन 16 वर्ष तक कि बेटियों के लिए रखा गया है, जिसमें 18 जिलों से लगभग 600 खिलाड़ी सम्मिलित होंगे। इनके रहने व भोजन की व्यवस्था भी सबके सहयोग से की जाएगी। फेडरेशन के अध्यक्ष तोमन साहू ने इस आयोजन का उद्देश्य बेटियों को आगे लाने तथा छोटे बच्चों को मोबाइल गेम से बाहर निकालकर मैदान तक वापस लाने और खेलो में रुचि जागृत करने वाला बताया साथ ही जनमानस को इस आयोजन के लिए आगे आकर सहयोग करने की अपील की। पोस्टर विमोचन के अवसर पर फेडरेशन के सदस्य दिनेश तापड़िया, रुपेंद्र सिन्हा, गमनेश्वर तारम, मोतीलाल सिन्हा, रामकुमार सिन्हा, शैलेन्द्र सोनवानी, दीपक तारम उपस्थित थे।

# दानीटोला में भागवत कथा कल से



**गुरूर।** ग्राम दानीटोला में ग्रामीणों द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 22 से 30 दिसंबर तक किया गया है, इसमें कथा वाचक पं. मनोज दुबे होंगे। कथा समय दोपहर 1 से 5 बजे तक होगा। इसमें 22 दिसंबर को वेदी पूजन, कलश यात्रा, गौकर्ण पूजा होगी, 23 को कपिल चरित्र, परीक्षित जन्म कथा होगी, 24 को सती चरित्र, ध्रुव चरित्र कथा होगी, 25 को अजामील चरित्र, प्रहलाद चरित्र कथा होगी, 26 दिसंबर को गजेन्द्र मोक्ष, वामन अवतार, कृष्ण जन्म का कथा, 27 को बाल चरित्र, रूखमणी विवाह कथा, 28 को अनन्य विवाह, सुदामा चरित्र कथा, 29 को परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्शा, चढ़ौत्री, शोभायात्र निकाली जाएगी। 30 दिसंबर को गीता हवन, कपिला तर्पण, भण्डारा आयोजित किया जाएगा। जिसमे आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार साहू, उपाध्यक्ष मनहरण मण्डावी, कोशाध्यक्ष विजय सेन, सचिव गजाधर कोसरिया, सह सचिव यदुराम सोरी व ग्रामीणो का सहयोग रहेगा।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
पलकों का न खुलना
टोसिस PTOSIS का ईलाज
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

लकवा रोग, हाथ पैर में दर्द, चर्म रोग, बवासीर, पेट रोग, मूत्र रोग, केश रोग, स्त्री एवं पुरूषों के गुप्त रोग, शुगर रोग, बुखार, सर्दी-खांसी, श्वांस-दमा, दांत रोग में (नि:शुल्क सलाह )
तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 7 से 10 बजे तक) मो.नं. : 9993010732

# बाल मेले में बच्चों ने लगाए विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल



**अंडा।** पूर्व माध्यमिक शाला चंदखुरी में बाल मेला का कार्यक्रम रखा गया,जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा शाला प्रांगण में खाने का स्टाल लगाया गया। स्टाल में बच्चों ने इडली, गुपचुप, चना-मुर्रा भेल, चमचम, रसगुल्ले, कोलड्रिंक जुस आदि खाद्य सामग्रियों को बेचा।

कार्यक्रम में भूपेन्द्र साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, बाबूराय साहू प्रधान पाठक, देवकीनंदन शर्मा समन्वयक त्रिभुवन देशमुख, चेतन साहू, स्वाति प्रसाद, सुनीता पालरकर, विजयालक्ष्मी पाटिल, पुष्पा, गजेन्द्र, संतोष शर्मा, योगेश्वरी, हरमुख, दिव्या तिवारी, योगेश चंद्राकर उपाध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति और ग्रामवासियों बच्चों द्वारा बनाए गए खाद्य सामग्रियों को खरीदकर व्यंजनों का लुफ्त उठाया।

स्वामी जी-93406-38884
10 जनवरी 2025
मकर संक्रांति स्पेशल
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक 10 जनवरी 2025 19 फरवरी 2025 10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-28,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
चलो प्रयागराज पवित्र महाकुंभ 2025
नोट-महाकुंभ 2025 के डिलक्स, प्रीमियम पैकेज के लिए संपर्क करें-7354411411
11 जनवरी से 16 जनवरी 2025, 19 जनवरी से 24 जनवरी 2025
27 जनवरी से 01 फरवरी 2025, 01 फरवरी से 06 फरवरी 2025
10 फरवरी से 15 फरवरी 2025, 24 फरवरी से 01 मार्च 2025
शाही स्नान
13 जनवरी 2025 (पौष पूर्णिमा ), 14 जनवरी 2025 (मकर संक्रांति ), 29 जनवरी 2025 (मौनी अमावस्या), 03 फरवरी 2025 (बसंत पंचमी), 12 फरवरी 2025 (माघ पूर्णिमा), 26 फरवरी 2025 (महाशिवरात्रि)
केवल प्रयागराज महाकुंभ 2025 सहयोग राशि- 6001/-
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511